भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पता: लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइट: **www.bsgindia.org** इमेल आईडी: **info@bsgindia.org** दूरभाष:**+91-11-23370126, 23378667**

परिपत्र संख्या : 31/2022

दिनॉक : 17 फरवरी, 2022

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषयः– फ्री बीईंग मी (शरीर के आत्मविश्वास पर कार्यवाही) कार्यक्रम–चरण–3 हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी)

महोदय/महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाएं!

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को फ्री बीईंग मी के दूसरे चरण के सफल समापन की सूचना देते हुए प्रसन्नता हो रही है और अब हम फ्री बीईंग मी (शारीरिक आत्मविश्वास) कार्यक्रम के तीसरे चरण में प्रवेश कर चुके हैं, एवं आशा कर रहे हैं कि 50 से अधिक विभिन्न गर्ल गाइडिंग एवं गर्ल स्काउटिंग संगठन इसमें प्रतिभाग करेंगे।

फ्री बीईंग मी का एक नया, अधिक प्रतिनिधित्व और संवादात्मक संस्करण प्रारम्भ होने के लिए तैयार है। नया डिज़ायन किया गया फ्री बीईंग मी पाठ्यक्रम स्थानीय संदर्भों के अनुकूल है और इसे 20–30 युवाओं के सह–शैक्षिक समूहों, व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन, शिविरों, आयोजनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदान किया जा सकता है।

सभी राज्य संघों से अनुरोध है कि वे युवा और सक्रिय मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षकों के आभासी प्रशिक्षण जो मार्च 2022 में फ्री बीईंग मी ग्लोबल के फैसिलिटेटरों द्वारा आयोजित किया जाएगा में भाग लेने एवं राष्ट्रीय टीम में कार्य करने हेतु नामांकित करें।

कृपया प्रत्येक विंग से 5 रोवर्स/रेंजर्स/वयस्क नेताओं के नामों की अनुशंसा करें जो प्रशिक्षण में भाग लेने और राज्य कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के इच्छुक हों। नामों को ईमेल wagggs@bsgindia.org पर प्रेषित कर उसकी एक प्रति info@bsgindia.org के माध्यम से 1 मार्च, 2022 को या इससे पूर्व भेजें।

हम आपकी सक्रिय भागीदारी और इस अवसर के व्यापक प्रसार की कामना करते हैं।

सधन्यवाद,

भवदीया,

(दर्शना पावस्कर)
संयुक्त निदेशक, गाइड
(कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण)ds

संलग्नकः फ्री बीईंग मी सारांश।

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, को अनुसरण हेतु।